केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 76 मंगलवार 8 अक्टूबर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com




## कात्यायनी: अमोघ फलदायिनी हैं मां दुर्गा की छठवीं शक्ति

चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया।

इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं।

इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है।

## एक नजर

### बस्ती में एक दिन की डीएम बनी साक्षी, दिये निर्देश



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम को कुर्सी पर नए डीएम को देख कर हर कोई हैरान हो गया, लोगों ने नए डीएम को अपनी समस्याएं बताईं और फटा फट संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण का नए डीएम ने आदेश दिया।

डीएम रवीश कुमार गुप्ता ने जीजीआईसी में पढ़ने वाली क्लास 12 की छात्रा साक्षी को एक दिन के लिए डीएम बनाया, डीएम ने साक्षी को अपनी कुर्सी पर बिठाया और उस के बगल में दूसरी कुर्सी पर डीएम खुद बैठे। एक दिन की डीएम साक्षी ने बकायदा लोगों को समस्याओं को सुना उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देकर समस्याओं के निस्तारण करने के लिए कहा।

एक दिन की डीएम साक्षी के पास बड़ी संख्या में फरियादियों ने अपनी समस्या के बारे में बताया, एक दिन की डीएम साक्षी ने कहा कि उनका सपना है कि वह सिविल सर्विसेज में जाएं। साक्षी ने कहा, मुझे डीएम की कुर्सी पर बैठ कर बहुत गर्व महसूस हो रहा है, एक दिन की डीएम बन कर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। मेरे पास जो फरियादी अपनी फरियाद लेकर आए उनकी समस्या को मैने सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया।

डीएम रवीश गुप्ता ने बताया की मिशन शक्ति के तहत यह कार्यक्रम रखा गया है, जीजीआईसी की क्लास 12 की छात्रा साक्षी आज हमारे साथ थी, उनको एक दिन का डीएम बनाया गया, साक्षी ने बताया की उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाने का है, आगे भी अलग अलग विभागों में छात्राओं को बैठाया जाएगा।

# विरोध के नाम पर अराजकता बर्दाश्त नहीं–योगी



लखनऊ (आभा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत–मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी–देवता, महापुरुषों अथवा साधु–संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्योहारों के मद्देनजर सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी–देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक–दूसरे का सम्मान करना होगा।ज्ञात रहे कि यति नरसिंहा नंद के पैगम्बर मोहम्मद साहब पर दिए बयान को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अलीगढ़ के मुस्लिम यूनिवर्सिटी और मेरठ में नरसिंहा नंद के खिलाफ जुलूस निकाला गया।

## महाराष्ट्र में राहुल ने दलित के घर भोजन बनाया, खाया

मुम्बई (आभा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में अजय तुकाराम सनदे और अंजना तुकाराम सनदे के घर खाना खाने पहुंचे। इस दौरान राहुल ने रसोई में खाना बनाने में भी अपना हाथ अजमाया. राहुल गांधी ने कहा, दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं. जैसा शाहू पटोले जी ने



कहा, 'दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता।'

# मनोज अध्यक्ष, मो. आरिफ महासचिव बने



## –भारत मुक्ति मोर्चा की बैठक में सांगठनिक मजबूती पर जोर

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भारत मुक्ति मोर्चा की सांगठनिक बैठक मो. अजीम के संयोजन और जिलाध्यक्ष आर. के. आरतियन की अध्यक्षता में गौर विकास खण्ड क्षेत्र के गोभिया चौराहे के निकट सम्पन्न हुई। बैठक में जन समस्याओं के निराकरण में योगदान, जनहित के लिये संघर्ष आदि मुद्दों पर विचार विमर्श के साथ ही सर्व सम्मत से गौर विकास खण्ड क्षेत्र के भारत मुक्ति मोर्चा पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्व सम्मत से राम गनेश ब्लाक संयोजक, मनोज कुमार ब्लाक अध्यक्ष, अजय कुमार उपाध्यक्ष, मो. आरिफ महासचिव, मो. अजीम ब्लाक प्रभारी, अब्दुल कादिर ब्लाक उपाध्यक्ष नामित किये गये।

मुख्य अतिथि हृदय गौतम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि समाज के विपिन्न, गरीब और हाशिये पर टांग दिये गये समाज को उनका अधिकार दिलाने के लिये एकजुटता से संघर्ष तेज करना होगा। लोकतंत्र में वोट के चोट की ताकत से अपनी पहचान बनाने के साथ ही गरीबों को शिक्षित बनाने की दिशा में जोर देना होगा। भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर. के. आरतियन ने कहा कि मोर्चा द्वारा लगातार जनहित में संघर्ष किया जा रहा है और उसके रचनात्मक परिणाम सामने आये हैं। उन्होने ब्लाक पदाधिकारियों का आवाहन किया कि वे अपने क्षेत्र में मोर्चा की मजबूती के साथ ही अन्याय का मुखर विरोध करें। संचालन करते हुये ठाकुर प्रेम नन्दबंशी ने जमीनी मुद्दों को उठाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम को दुर्गेश कुमार और बच्चू लाल ने सम्बोधित करते हुये सांगठनिक मजबूती और एकता पर जोर दिया। मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश गौतम, उदयभान वर्मा, सालिक राम यादव, पवन राज, जमील खान, जितेन्द्र कुमार, भवानी प्रसाद, जगदीश, मंगल लाल के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने संभाला कार्यभारः बस्ती में स्वागत की तैयारी



**लखनऊ/ बस्ती (आभा)।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) महेश शुक्ला ने सोमवार को इंदिरा भवन स्थित कार्यालय पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। महेश शुक्ला ने गो संरक्षण एवं संवर्द्धन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को किसानों और पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि गो संरक्षण कार्यों में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। यह भी कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और गोजनित उत्पादों को व्यवसायिक रूप से लाभकारी बनाना आयोग की प्राथमिकता रहेगी। शपथ लेने पर जिले के लोगों ने बधाई दी है।

विधायक हर्रैया अजय सिंह, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, गोपेश्वर त्रिपाठी, अमर पांडेय, अभय सिंह, सरोज बाबा, अरुण भारती, प्रेमशंकर ओझा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, जान पांडेय, संजय द्विवेदी, अमन सिंह, मो. आलम, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राहुल सिंह, रवीश मिश्र, प्रेम सागर त्रिपाठी, रघुनाथ सिंह, प्रवीण जायसवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल का मनोनयन बाद बस्ती जनपद आगमन मंगलवार को होगा। वह सुबह साढ़े नौ बजे जनपद की सीमा घघौवा पहुंचेंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी भव्य स्वागत करेंगे। घघौवा के बाद महेश शुक्ल का खतमसराय, पठकापुर, कौलपुर, विक्रमजोत, पचवस, छावनी,बबुरहवा, चौकड़ी, महूघाट, मुरादीपुर, हरैया, भदावल, संसारीपुर, रजौली, महराजगंज, पिकौरा सानी, कप्तानगंज, गड़हा गौतम, तिलकपुर, गोटवा, फुटहिया चौराहे पर स्वागत होगा। बस्ती शहर में बड़े वन से कचहरी चौराहे तक जगह–जगह स्वागत की तैयारी है। अटल प्रेक्षागृह में वह शाम तीन बजे स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवी सिंह ने दी।

# मंजू पाण्डेय कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव मनोनीत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्रदत्त त्रिपाठी ने महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष मंजू पाण्डेय को श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है।

मंजू पाण्डेय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, देवेन्द्र श्रीवास्तव, गिरजेश पाल, अवधेश सिंह, रफीक खान, देवानन्द पाण्डेय, शौकत अली, अशोक श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद शुक्ल, अतीउल्ला सिद्दीकी, नफीस अहमद, साधू शरन आर्य, राम धीरज चौधरी, शकुन्तला देवी, नीलम विश्वकर्मा, विनोद रानी आहूजा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# धरकार समाज के महासम्मेलन में दलित मित्र घोषित किये गये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सोमवार को धरकार समाज का एक दिवसीय महासम्मेलन अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में परदेशी विश्वमर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दलित मित्र घोषित किया। सम्मेलन में बांस शिल्पकला को संरक्षण देने के लिए बांस शिल्प कला बोर्ड के गठन की मांग की गयी। एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से बांसकार जातियों को बांस के उत्पादन हेतु जमीन पट्टे पर आवंटन की मांग की गयी।

## –बांस शिल्प कला बोर्ड गठन की मांग

सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ० लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दलितों के सच्चे हितैषी हैं उन्होंने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ० आंबेडकर की फोटो लगवायी है। लखनऊ के ऐशबाग में डॉ० आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण करा रहे है, जिसमें 25 फुट ऊँची बाबा साहेब डॉ० आंबेडकर की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गयी है। उक्त स्मारक में प्रेक्षागृह, अतिथि ग्रह, विपस्सना केन्द्र, वृहत पुस्तकालय तथा शोध केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

डॉ० निर्मल ने कहा कि धरकार, बंसोर, बांसफोड़, मुसहर, थारू एवं कोल आदि हाशिए की जातियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के आवंटन में इन दलित जातियों को प्राथमिकता देकर मुख्यमंत्री ने दलितों का दिल जीत लिया है।

सम्मेलन के संयोजक हनुमान धारिया ने आए हुए प्रतिनिधियों एवं अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया और घोषित किया कि समस्त जनपदों में धरकार समाज का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में मुख्य रूप से परदेशी प्रसाद वर्मा, धनश्याम बेनकर, लालजी वर्मा, नारद प्रसाद वर्मा, धनश्याम धारिया, शंकर धारिया, ब्रह्मानन्द धारिया, हिरावन धारिया, शम्भू बेनवंशी, रविन्द्र कुमार निर्मल शंकर धारिया, आदि ने हिस्सा लिया। संचालन बाबूलाल ने किया।

इसके पूर्व सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में डॉ० निर्मल ने कहा कि कांग्रेस और सपा दोनों आरक्षण विरोधी है।

# शक्ति सिंह हत्याकाण्ड में मुख्य आरोपी भाजपा नेता राना नागेश सिंह ने किया आत्मसमर्पण









–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती।** बहुचर्चित शक्ति सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजपा नेता राना नागेश सिंह ने पुलिस को चकमा देते हुए बस्ती के सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। कोर्ट में तेजी से चली आत्मसमर्पण की इस प्रक्रिया की जरा भी भनक पुलिस को नहीं लगी। अब पुलिस कह रही है कि नागेश ने उसी के दबाव में सरेंडर किया है। थानेदार ने दावा किया कि पुलिस के दबाव में कोर्ट में आरोपी नागेश सिंह ने सरेंडर किया। कहा इसकी सूचना मिली है। जल्द ही नागेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

प्रकरण में अब तक तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने सभी फरार हत्यारोपियों के खिलाफ 15–15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। दुबौलिया के गौरा–सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे बीते 26 सितंबर को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई।

नगर पुलिस ने गुरुवार को ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने भाजपा नेता राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला और कुछ अन्य के खिलाफ अपहरण कर हत्या और शव छिपाने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने नामजद आरोपी रवि सिंह, शैलेश सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। राना नागेश सिंह ने सोमवार को आत्म समर्पण कर दिया।

## विधानसभा के बाहर युवक ने किया आत्मदाह की कोशिश

लखनऊ (आभा)। यूपी विधानसभा परिसर के बाहर सोमवार को एक 40 वर्षीय शख्स ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। गनीमत यही रही कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने वक्त रहते आग बुझा दी। हालांकि तब तक वह 50 फीसदी तक जल चुका था। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

मध्य लखनऊ की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवीना त्यागी ने बताया कि आत्मदाह की कोशिश करने वाले व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय मुन्ना विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उसने खुद को आग लगाने से पहले अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाला था। आत्मदाह विरोधी दस्ते के समय पर हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली और आग बुझा दी गई। युवक को 50 प्रतिशत जली स्थिति में सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।`

# अपना दल एस ने शिविर लगाकर बनाये 194 सदस्य




## –जिला पंचायत और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। अपना दल एस द्वारा सोमवार को शास्त्री चौक पर जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल के संयोजन में सदस्यता शिविर का आयोजन कर कुल 194 सदस्य बनाये गये।

मुख्य अतिथि व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर चौधरी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य दलित, पिछड़े, वंचित तथा शोषित समाज के हितों लिए लड़ाई लड़ने के साथ ही उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान कराना है। उन्होंने दावा किया कि अपना दल एस 2027 में प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव रामनयन पटेल ने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कहा कि वे 2026 पंचायत चुनाव के लिए और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जनता के बीच पार्टी के नीति, कार्यक्रम लेकर जाय। पार्टी का लक्ष्य जातिगत जनगणना कराकर सभी जातियों को समान हिस्सेदारी दिलाना है। इस दौरान राष्ट्रीय नेतृत्व कै निर्देश पर आगामी 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम व 17 अक्टूबर को पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस तथा पार्टी के संगठन को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से विजय प्रताप यादव , कृष्ण मोहन चौधरी, अजीत चौधरी, अनुराग सिंघानिया, दिनेश कुमार सोनी, हनुमान सोनी, हनुमान, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी , प्रवीण चौधरी, अकबर अली, राम शंकर चौधरी, संजय कुमार राव सहित कुल 194 लोगों ने दल की सदस्यता ग्रहण किया। झिनकान चौधरी, सुखराम पटेल राजेश चौधरी, निसार अहमद, प्रदीप पटेल राना, संजय चौधरी,प्रमोद पाल, रामजीत पटेल,सईद खान, लालचंद्र पटेल, अभिषेक आर्य, रमेश सोनी, अभिषेक चौधरी, रामदिनेश चौधरी, मनोज पटेल, विजय पटेल, सियाराम, विजय कुमार पटेल आदि ने शिविर को संचालित कराने में योगदान दिया।

# बालिकाओं ने फ्लैश मॉब के माध्यम से किया युवाओं को जागरूक



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। नाको भारत सरकार एवं उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के दिशा–निर्देशन में जिला एड्स नियंत्रण समिति एवं दिशा यूनिट बस्ती द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आर0के0 दुबे की अध्यक्षता में सघन जागरूकता अभियान "4 की बात" के अंतर्गत जनपद स्तरीय फ्लैश मॉब का आयोजन प्रदुमन सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, संसारपुर, फुटहिया बस्ती द्वारा मेडिकल कॉलेज बस्ती एवं क्रिसेंट मॉल बस्ती के प्रांगण में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का संचालन कर रहे कलस्टर प्रोग्राम मैनेजर ने सघन जागरूकता अभियान आयोजित किये जाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आहार, पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवन शैली के प्रेरित किया जाना है। उन्होने बताया कि युवा हमारा भविष्य है, भविष्य सुधारने हेतु युवाओं को आज सुधार की आवश्यकता है।

जी०वी०एस०एस० के सचिव अम्बुज कुमार यादव ने बताया कि एचआईवी, एड्स के बारे में जानकारी का रोचक तरीके से प्रचार किये जाने के क्रम में विश्वविद्यालयों में "कदम समझदारी का, वादा जिम्मेदारी का" की कड़ी में जागरूकता संगोष्ठी, सेमिनार का आयोजन कर अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही साथ युवाओं को एचआईवी, एड्स संक्रमण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गयी तथा अधिक जानकारी के लिए एचआईवीध्एड्स टोल फ्री नं0 1097 के बारे में जानकारी दी गयी।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर आर०एस० दूबे ने बताया कि 4 की बात के तहत दिशा यूनिट बस्ती द्वारा एचआईवी, एड्स जागरूकता का आयोजन बस्ती के युवाओं के मध्य आयोजित कर उन्हें जागरूक कर रही है, यह पहल सराहनीय है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर ए०के० गुप्ता एवं डॉक्टर अमित मेडिकल कालेज बस्ती ने बताया कि इस दौरान युवाओं को एचआईवी, एड्स, यौन जनित रोगों, हेपेटाइटिस बी एवं सी की पूर्ण एवं सही जानकारी दी जाएगी। इस दौरान उपस्थित युवाओं, महिलाओं, एवं समुदायों, की एचआईवी की जांच कर एचआईवी के फैलाव एवं बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है।

प्रदुमन सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रोचक तरीके से फ्लैश मॉब आयोजित कर समुदाय के प्रत्येक वर्ग को एच आई वी के प्रति जागरूक किया इस दौरान बड़ी संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया ।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 8 अक्टूबर 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय

### हरियाणा, जम्मू कश्मीर की दिशा

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम मंगलवार को घोषित किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी दावा कर रही है कि वो हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी जबकि जम्मू–कश्मीर में वह और नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटें जीत जाएंगे। कांग्रेस पार्टी के इस दावे के ठीक उलट बीजेपी का कहना है कि वो लगातार तीसरी बार हरियाणा की सत्ता में वापसी करेगी और जम्मू–कश्मीर में उसके बिना कोई सरकार नहीं बन पाएगी। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं। यहां तीन चरणों में 18 और 25 सितंबर व 1 अक्टूबर को वोट डाले गए थे। इसके बार हरियाणा में विधानसभा की सभी 90 सीटों पर एक साथ पांच अक्टूबर को वोटिंग हुई थी।

जैसे कि हरियाणा में राजनीतिक पंडित मतदाताओं के मन पढ़ते हुए कांग्रेस की सत्ता में वापसी की बात कर रहे थे, कमोबेश वैसे ही रुझान एग्जिट पोल के निष्कर्षों में सामने आए हैं। हालांकि, पिछले लोकसभा चुनाव के बाद एग्जिट पोल की वास्तविकता को लेकर कई विमर्श सामने आते रहे हैं, लेकिन हरियाणा में शनिवार के मतदान के बाद आए एग्जिट पोल राजनीतिक हवा के अनुरूप भी हैं। लगता है कि एक दशक तक सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस हरियाणा में अब सत्ता हासिल करने को तैयार है। उम्मीद है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है। पिछले दो दशकों में, राज्य में विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एक पूर्वानुमानित पैटर्न दर्शाया है–पहले कांग्रेस दो लगातार कार्यकाल के लिये सत्ता में आई और फिर भाजपा ने दो कार्यकाल में सरकार चलायी। किसी भी पार्टी के लिये यह संभव नहीं हुआ कि वह तीसरी बार सत्ता हासिल कर सके। दरअसल,जब सरकारें जनता की आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, तो जनता धैर्य खोने लगती है। वास्तव में सत्ता विरोधी घटक ने भाजपा को कमजोर कर दिया था। तभी गत मार्च में जनमानस में व्याप्त सत्ता विरोधी रुझान को टालने के लिये मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। कह सकते हैं कि यह बदलाव पार्टी की हताशा का ही परिचायक रहा।

हालांकि, भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में वापसी और डैमेज कंट्रोल के लिये सभी दांव–पेच खेले। मतदान से ठीक पहले डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम की रिहाई कांग्रेस का गणित बिगाड़ने का आखिरी प्रयास था। बहरहाल, उत्तर भारत में भाजपा का जनाधार कम होता नजर आ रहा है। ऐसे में हरियाणा में भी नतीजे यदि भाजपा के खिलाफ जाते हैं तो ये भाजपा की बेचैनी बढ़ाने वाला होगा। दिल्ली के बाद पंजाब में हार झेलने के बाद भाजपा ने वर्ष 2022 में हिमाचल में भी हार का मुंह देखा। इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में घटे जनाधार ने भी पार्टी की कमजोरी को ही उजागर किया। तभी इस साल केंद्र में पूर्ण बहुमत न मिलने पर भाजपा ने अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनायी। पिछले दशक में भाजपा ने जो देशव्यापी बढ़त हासिल की थी, उसके सापेक्ष कांग्रेस के जनाधार में गिरावट देखी जा रही थी। अब यदि कांग्रेस हरियाणा को अपनी झोली में शामिल करने में सफल हो जाती है तो राष्ट्रीय स्तर पर उसके हालिया पुनरुत्थान को ही बढ़ावा मिलेगा। वहीं दूसरी ओर जम्मू–कश्मीर में भी कांग्रेस के फायदे में रहने के रुझान मिले हैं, जहां वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि राज्य बनने की ओर उन्मुख केंद्र शासित प्रदेश में त्रिशंकु सदन की संभावना बन रही है। ऐसी स्थिति में पीडीपी ने संकेत दिया है कि वह भाजपा को सत्ता से बाहर रखने की इच्छुक है। वैसे भगवा पार्टी अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के उपरांत हुए पहले चुनाव के परिणामों के बाद अपने पत्ते तो खेलेगी ही। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मंगलवार को किसके सिर पर सफलता का ताज सजता है। ज्ञात रहे कि इसके बाद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होते हैं।

# हरियाणा के जनादेश पर टिकी निगाहें



–ज्योति मल्होत्रा–



बीते सप्ताह गुरुवार की दोपहर की तीखी धूप में, हरियाणा के शाहबाद चुनावी क्षेत्र में जब विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान औपचारिक रूप से थमने में केवल कुछ घंटे बचे थे, भाजपा कार्यकर्ता उस सभा स्थल से बाहर निकलते वक्त कुछ मायूस लग रहे थे, जिसमें योगी आदित्यनाथ केवल 20 मिनट तक रुके। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के भाषण में तालियां कमजोर और छिटपुट रहीं, मानो उनके शब्दबाण चूक गए हों और प्रतिक्रिया में श्रोता हक्के–बक्के थे।

परंतु एक भाजपा कार्यकर्ता का मानना था कि पार्टी के कद्दावर नेता बिसात बदल देंगे और जोर देकर कहा – 'यह तो फिर भी बाजी पलटेगा', जबकि वे भाजपा के खिलाफ पड़ गये लग रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं में हताशा के बावजूद, इस आखिरी क्षण में भी, उन्हें यकीन है कि उनका दल अपने किए सभी शानदार काम दृ सड़कें, सब्सिडी, पुरुष–महिला–किसान के लिए बनाई योजनाओं की बदौलत बढ़िया प्रदर्शन कर दिखाएगा।

लेकिन, भाजपा कार्यकर्ता और उनके दोस्त भी मानते हैं कि यह इतना आसान नहीं होने वाला है। मसलन, उन्होंने कहा कि शाहबाद में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार से चिढ़े प्रतिद्वंद्वी ने खुलेआम जीत की संभावना को पलीता लगाया है। एक ने तो कहा – 'वो उनके गले में मरा हुआ सांप डालकर भाग गया'। एक तीसरे व्यक्ति ने योगी की सभा में जुटी कम भीड़ की सफाई देते हुए कहा कि लोग निवर्तमान भाजपा विधायक के अहंकार से इतने नाराज थे कि वे इसके लिए वर्तमान उम्मीदवार को दंडित करने पर आमादा हैं। एक चौथे व्यक्ति ने कहा रू 'हमें भाजपा उम्मीदवार की गर्दन में अड़ा सरिया निकालना ही है।'

यदि शाहबाद को एक मॉडल मानें, तो हैरानी कम ही होगी कि हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर भाजपा के लिए दांव काफी बड़ा है। ऐसा लगा कि शनिवार की खिली सुबह जैसे ही ईवीएम चालू हुई, पानीपत की चौथी लड़ाई सरीखा युद्ध शुरू हो गया दृ इस बार यह संग्राम कांग्रेस पार्टी के अगुवा भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच है, जो अन्यथा काफी मिलनसार व्यक्ति हैं। जिन्हें अपने मार्गदर्शक एवं संरक्षक मनोहर लाल खट्टर की जगह मार्च में मुख्यमंत्री बनाकर छह महीने का कार्यकाल देने की बजाय काफी पहले यह बदलाव किया जाना चाहिए था।

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार जादू की छड़ी घुमाई, हरियाणा का राजकाज सख्ती से चलाने वाले मनोहर लाल को साढ़े नौ साल तक कोई छू नहीं सका,क्योंकि इन दोनों का नाता बहुत पुराना है, जैसा कि खुद मोदी ने इस वर्ष की शुरुआत में एक रैली में बताया था कि 1980 के दशक में वे और खट्टर दोनों अक्सर एक ही दरी पर सोते थे और पूरे हरियाणा में एक ही बाइक पर सवार होकर बतौर आरएसएस प्रचारक दौरा किया करते थे। बताया जाता है कि सैनी भी उस समय भाजपा कार्यालय में काम करते थे और चिट्ठी–पत्री एवं प्रेस विज्ञप्तियां टाइप किया करते थे, तब से अपने उत्थान का श्रेय वे खट्टर को देते हैं।

हरियाणा के साथ समस्या यह है कि इतिहास की गूंज इतनी तेज रहती है कि इसमें वर्तमान का शोर दब जाता है। सैनी खट्टर के शागिर्द हैं, जो आगे मोदी के करीबी हैं दृ तीनों बेहतरीन दोस्त, एक साथ मिलकर जूझने को कृत–संकल्प। फिर आपको पासा फेंकने की आवाज सुनाई देती है। धीरे से अंगुली से ईवीएम का बटन दबाया और निकली बीप की आवाज से हरियाणा ने अपना फैसला दर्ज करवा दिया है। अब यह किसी सैनी–खट्टर–हुड्डा या यहां तक कि मोदी को लेकर नहीं रहा। यह तो अहंकारी व्यक्ति के गर्दन से 'सरिया' निकालने के वास्ते है। हरियाणवियों ने शनिवार को मतदान अपने नेताओं के अहंकार को दंडित करने के लिए किया।

मोदी के लिए,दांव इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता। सच तो यह है कि केवल 90 सीटों वाला छोटा राज्य हरियाणा ही वह जगह है जहां से सब शुरू हुआ। वह भूभाग जहां पर सत्ता की इबारत सर्वप्रथम सिंधु–गंगा क्षेत्र के मैदानों में लोगों के सामूहिक अवचेतन पर अंकित हुई। वफादारी, दोस्ती, प्यार, विश्वासघात, हिंसा, घृणा –हर भावना का उतार–चढ़ाव– इन सबकी परख सबसे पहले यहीं,इसी हरियाणा की धरती पर हुई,कुरुक्षेत्र की लड़ाई से पहले–उसके दौरान और बाद में।

ताज के हीरे के रूप में दिल्ली सदा अफगान कबीलों और मुगल शासकों के निशाने पर रही– लेकिन दिल्ली की हार और लूटपाट तभी हो पाई जब हरियाणा ने ताकतवरों को अपनी मर्जी करने की छूट दी। हरियाणवी समझता है कि उसकी शक्ति ताकतवर की ताकत का आकलन करने में निहित है। क्या वह उसे अपनी मर्जी चलाने दे? और अगर हां, तो किस कीमत पर?

इस बात को आज भारत के किसी भी अन्य राजनेता से बेहतर मोदी समझते हैं। मोदी को यह भी भान है कि यदि भाजपा हरियाणा हार जाती है, तो उनके दुर्ग की एक महत्त्वपूर्ण ईंट हिल जाएगी, जिससे आगे की ईंटें ढीली पड़ती जाएंगी। आम आदमी पार्टी के राज वाले दिल्ली और पंजाब के मध्य हरियाणा है और यहां पर मिली हार या जीत से बनने वाला मनोवैज्ञानिक असर पहले ही अन्य जगहों के लिए जादुई गोली का रूप धर चुका है। फिर कश्मीर का नतीजा भी आना है। और आगे नवंबर में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं।

हरियाणा अब केवल 90 विधानसभा सीटों वाला सूबा भर नहीं रहा यह इस बात पर निर्भर करता है आपका नजरिया क्या है, क्या यह उत्तर प्रदेश का आगामी मंजर बनेगा या इसका विस्तार। इस साल गर्मियों में हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 29 सीटों का नुकसान हुआ, जिसने लोकसभा में भाजपा की विराटता की हवा निकाल दी, जिसकी टीस अभी तक सालती है। शनिवार को हरियाणा ने जो किया है, वह या तो इस चुभन को दर्द में बदल देगा या कुछ राहतभरी खुशी में।


हुड्डा और कांग्रेस के लिए, हरियाणा का नतीजा भाजपा का विकल्प बनने का मौका देगा। भाजपा अजेय नहीं है, उसे उसके खेल में, उसके ही मैदान में, उसी के तरीकों से हराया जा सकता है। कौटिल्य की साम–दाम–दंड–भेद वाली कूटनीति हरेक साहसी एवं संभावित शासक के लिए गुरुमंत्र सरीखी है। देश के इस हिस्से में यही नुक्ता बरता जाता रहा है।

गुरुवार शाम को पानीपत में अभियान की आखिरी चुनावी सभा में से भूपेंद्र हुड्डा अपने कार काफिले में शामिल 22 एसयूवी से उठती धूल के गुबार के साथ बाहर निकलते हैं और उत्साह छा जाता है। बैनर और होर्डिंग्स भी 'चिल्ला' रहे हैं : 'आ रही है कांग्रेस'। हुड्डा के समर्थकों का व्यवहार ऐसा था मानो चंडीगढ़ में उनकी ताजपोशी पहले ही हो चुकी हो।

शायद पानीपत की मिट्टी में कुछ ऐसा है जो इस किस्म के व्यवहार को सहन करती है। कदाचित हरियाणा जानता है कि भले ही वह दिल्ली जितना मूल्यवान न हो, लेकिन उसके हाथ में वह कुंजी है जिससे पता चले कि दिल्ली का चमकदार ताज कैसे जीता जाए। इसके बिना, दिल्ली अपनी आधी आभा खो देगी।–लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेम

–चेतनादित्य आलोक–



बढ़ती जनसंख्या और घटती वन. संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेडिघ्यों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे. छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम.से. कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेडिए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेडिघ्या, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण. पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेडिघ्ए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे.छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे।

दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम.से. कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधारोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम.से. कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी।

यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020.21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन.पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन.पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेडिघ्यों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेडिघ्ए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन.चुनकर बदला लेते हैं।

ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेडिघ्यों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेडिघ्यों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेडिघ्यों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेडिघ्यों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेडियों के धर.पकड़ अभियान में कुछ भेडिघ्ए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेडिघ्यों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेडिघ्यों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेडियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेडिघ्यों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन.प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेडिघ्यों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है।

वैसे भेडियों के विरूद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेडियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेडिघ्यों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है।

## प्रशांत किशोर की डगर आसान नहीं



चुनाव विश्लेषक से नेता बने प्रशांत किशोर बिहार में अपनी नई–नवेली पार्टी के साथ राजनीति के मैदान में उतर आए हैं। 'जन सुराज पार्टी' के नाम से बने इस संगठन ने नवंबर में होने वाले विधानसभा के उप–चुनावों के साथ विधिवत चुनावी राजनीति में उतरने का ऐलान भी कर दिया है। प्रशांत 2 अक्तूबर 2022 से बिहार में जन सुराज यात्रा के जरिए नई पार्टी के लिए आधार तैयार करने में जुटे थे और 2 अक्तूबर 2024 को नई पार्टी की आधारशिला रख दी।

जनता से सीधे और सरल संवाद के लिए प्रशांत किशोर ने सिर्फ 3 मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। सबसे पहला है शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना। दूसरा, सबके लिए रोजगार का इंतजाम और तीसरा बुजुर्गों को 2000 रुपए हर माह पैंशन। तीन ही मुद्दों के भीतर युवा से लेकर बुजुर्ग तक सब समेट लिए गए। इनको लागू करने के लिए सरकार को अरबों रुपयों की जरूरत होगी।

शायद इसलिए कि जनता के बीच भ्रष्टाचार अब ऐसा मुद्दा नहीं है जिसके हल की उम्मीद वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में की जा सकती हो। यह दीगर बात है कि बिहार में भ्रष्टाचार जिस ऊंचाई तक पहुंच गया है, उसकी तुलना भी किसी अन्य राज्य से नहीं की जा सकती है। अकेले 2024 में बरसात के दौरान बिहार में 12 से ज्यादा छोटे बड़े पुल गिर गए। ये सब 10/15 सालों में बने थे। क्या पुल निर्माण में भ्रष्टाचार इसके लिए जिम्मेदार नहीं है?

सितारे जमीन पर रू जन सुराज पार्टी की घोषणा के लिए आयोजित सम्मेलन में 22 देशों से बिहारी एन.आर.आई. पटना पहुंचे। ये सिर्फ अमरीका और यूरोप से नहीं, बल्कि सिंगापुर, इंडोनेशिया, ओमान जैसे देशों से भी थे। बताया गया कि इनमें से ज्यादातर अपनी कम्पनियां चलाते हैं। एन.आर.आई. संपन्न हैं, इसलिए पार्टी को आर्थिक समर्थन की काफी गुंजाइश दिखाई देती है। आम आदमी पार्टी की मदद के लिए कई एन.आर.आई. अपना काम धंधा छोड़ कर दिल्ली में डेरा जमा चुके थे। जन सुराज पार्टी की मदद के लिए भी कई युवा अपनी शानदार नौकरियां छोडने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं।

पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष एक रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट मनोज भारती को बनाया गया है जो दलित भी हैं। भारतीय विदेश सेवा में रहते हुए वह 4 देशों में राजदूत भी रहे हैं। 2025 के मार्च में पार्टी का संगठनात्मक चुनाव कराने की घोषणा भी की गई है। नई बनने वाली ज्यादातर पाघ्टयां व्यक्ति केंद्रित रही हैं, लेकिन प्रशांत इस परंपरा को तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। पार्टी में रिटायर्ड आई.ए.एस. और आई.पी.एस. का भी जुटान हो रहा है। पार्टी के संविधान को तैयार करने वाली कमेटी का अध्यक्ष पूर्व पुलिस अधिकारी (आई.पी.एस.) आर.के. मिश्रा को बनाया गया है। यह भी तय किया गया है कि अगर कोई चुना हुआ पार्टी पदाधिकारी कसौटी पर खरा नहीं उतरता तो कार्यकर्त्ताओं को उसे वापस बुलाने का अधिकार (राइट टू रिकाल) भी होगा। पूर्व आई.पी.एस. अरविंद सिंह, पूर्व आई.ए.एस. और पूर्व राज्य सभा सांसद पवन वर्मा, पूर्व सांसद सीताराम यादव और कई अन्य विभूतियां भी सम्मेलन में शामिल थीं।

प्रशांत किशोर पर अब एक बड़ा आरोप यह लग रहा है कि वह भाजपा, आर.एस.एस. और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नर्मी बरत रहे हैं जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ कठोर रुख अपना रहे हैं। पार्टी सम्मेलन में प्रशांत ने नीतीश और तेजस्वी की खुलकर आलोचना की लेकिन मोदी पर कोई बड़ा आरोप नहीं लगाया। बिहार की बदहाली के लिए उन्होंने नीतीश और तेजस्वी को जिम्मेदार ठहराया। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी पार्टी में आर.एस.एस. और अल्पसंख्यक दोनों हैं।–**शैलेष कुमार**

# पटाखे बनाते समय विस्फोट, दो की मौत, तीन की हालत गंभीर



**संवाददाता–गोण्डा।** जिले में पटाखों में भीषण विस्फोट हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग झुलसे हैं। सभी झुलसे लोगों को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज कस्बे में सोमवार दोपहर बाद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि उमरी रोड पर बेलसर गांव के फारूक के यहां पटाखों का कारोबार होता है। यहां मुख्य रूप से विस्फोटकों को भरा जाता था। दोपहर बाद अचानक पटाखों में विस्फोट हो गया। इसमें घर की दीवार भी गिर गई। पटाखा बना रहे लोग इसकी चपेट में आ गए। तेज धमाके की आवाज से काफी दूर तक हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई। मकान के मलबे से लोगों को निकालकर पहले सीएचसी पहुंचाया गया। वहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य झुलसे लोगों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने कई सैंपल जुटाए हैं। बताया जाता है कि विस्फोटकों को भरने का काम पीछे के दरवाजे से होता था। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को बताया कि तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज गांव में आज दोपहर बाद मोहम्मद फारुख के बंद मकान में गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से पटाखा बना रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बीच पटाखा बनाते समय अचानक विस्फोट हो गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान इश्तियाक (40), अयास (17), कृष्ण कुमार (24), आकाश (15) और लल्लू (30) के रूप में की गयी है।

उन्होंने बताया कि सभी घायलों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर ले जाया गया, जहां आकाश और लल्लू को मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल में मौजूद डा. दीपक ने बताया कि सभी घायल 60 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हुए हैं और ऐसी दशा में उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस व्यक्ति के घर पर विस्फोट हुआ है, वह सपरिवार पंजाब के जालंधर में रहता है। उसके खाली पड़े आवास में गांव के ही कुछ लोग दीवाली के लिए पटाखा बना रहे थे, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट इतना भयानक था कि घर की दीवार ढह गई और आसपास के मकानों में भी दरारें आ गईं। उन्होंने बताया कि विस्फोट में जख्मी लोगों के हाथ–पैर के चीथड़े उड़ गए। मौके पर मौजूद जायसवाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही श्वान दस्ता और फील्ड यूनिट के साथ प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और साक्ष्य संकलन करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि घटना में जो भी दोषी पाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जयकारों से गूंज उठे दुर्गा पूजा पंडाल, भक्तों ने उतारी आरती

**संवाददाता–बलरामपुर।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु उत्साह व भक्ति से भाव–विभोर थे। वृद्ध, बच्चे, पुरुष व महिलाओं के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। रविवार देर रात गर्ल्स इंटर कॉलेज पर स्थापित माता की प्रतिमा का दर्शन करने को भक्तों की कतार लगी रही। जय मां शेरावाली के जयकारों से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा। लोगों ने माता के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं चूड़ी मार्केट स्थित जय मां वैष्णो देवी श्रृंगार सेवा समिति की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मां की आराधना कर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इसी के साथ नगर तहसील गेट, पहलवारा, पीपल तिराहा, तुलसीपार्क, नई बस्ती, टेढ़ी बाजार सहित दर्जनों पूजा पंडालों पर देर रात तक श्रद्धालु मां का दर्शन करते रहे। चौक चूड़ी मार्केट में इलेक्ट्रानिक दुर्गा प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बना है। यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखने को मिलती है। इसी के साथ गुड़मंडी, गायत्री मंदिर व मेजर चौराहा पर रखी दुर्गा प्रतिमाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**संवाददाता–बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंकधन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री–लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मध्यस्थता मामलों पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

## चार घर में सेंध लगाई, एक घर से माल ले उड़े चोर

**संवाददाता–श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र में चोरों का बढ़ता नजर आ रहा है। नशे की खुराक लेने के लिए गांव में दिन में घूमते रहते हैं और रात होते ही किसी न किसी गांव में किसी घर में सेंध लगाकर चोरी को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। पुलिस भी बढ़ते हुए चोरी अपराध पर लगाम लगाने में विवश नजर आ रही है। रविवार रात को हरदत्त नगर गिरंट थाने से चंद अलग अलग दो गांव में अज्ञात चोरों ने घर से पीछे सेंध लगाने का प्रयास किया। किंतु परंतु घर में लोगों के जगने की आहट पाकर भाग गए। काशीपुरवा गांव में जनार्दन यादव, त्रिभवन प्रसाद, बहादुर आर्या,समई के घरों में चोरों ने सेंध लगाने का प्रयास किया। किंतु असफल रहे। जबकि केवटनपुरवा गांव शिवकली पत्नी सागर केवट के घर में घुस कर चोरों ने दो बक्से में रक्खा कुछ नगदी समेत चांदी का जेवर के साथ ही दो बहू का सामान, चांदी का दो जोड़ी पायजेब,दो जोड़ी चांदी का हार,एक चांदी का दसबंद,दो जोड़ी झुमकी चांदी का बेटी का एक पायल चांदी का तथा एक चांदी की चोटी आदि सामान लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह जब सब लोग सोकर उठे तो देखा घर में चोरी हो गई है। शिवकली ने बताया कि गांव से नजदीक जंगल की पुलिया कपड़े पड़े थी। इसके साथ ही बियर की बोतल पड़ी मिली। शिवकली ने हरदत्त नगर गिरंट थाने तहरीर देकर चोरों को पकड़ने और गायब हुए सामान की बरामदगी करने की गुहार लगाई है।

# निषाद राज और प्रभु श्री राम के मिलन का प्रसंग देख मंत्र मुक्त हुए लोग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में शारदीय नवरात्र के अवसर पर अयोध्या के स्वर्ग द्वार स्थित राजेंद्र निवास प्रांगण में अयोध्यास्थ श्री रामलीला महोत्सव समिति द्वारा ऐतिहासिक एवं पौराणिक रामलीला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सातवें दिन के प्रसंग में भगवान के विवाह के बाद राजा दशरथ श्री राम को राज्य देना चाहते थे लेकिन माता कैकई के कारण उनका बनवास हो गया प्रभु वन को चले जाते हैं और जैसे ही वह श्रृंगवेरपुर पहुंचते हैं उनके परम मित्र निषाद राज को पता चलता है वह अपने राज्य परिवार के साथ प्रभु से मिलने आते हैं मित्रता का ऐसा अदभुत मिलन ऐसा अद्भुत प्रसंग देखते ही बनता है जिसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता।

रात्रि विश्राम के बाद प्रभुश्री राम प्रयागराज में संतों से मिलने के बाद चित्रकूट के लिए प्रस्थान करते हैं मंत्री सुमंत अयोध्या पहुंचते हैं राजा दशरथ को प्रभु श्री राम का समाचार सुनते हैं और कहते हैं कि श्री राम आपकी आज्ञा पालन के लिए वन को चले गए हैं और अब 14 वर्ष बाद लौट कर आएंगे यह सुनकर राजा दशरथ का हे राम हे राम कहते हुए प्राण निकल जाता है और पूरे राजमहल में अंधकार हो जाता है। भगवताचार्य स्मारक सदन में यह अद्भुत रामलीला अवध आदर्श रामलीला मंडल पत्थर मंदिर अयोध्या द्वारा मंचन किया जा रहा है। आज की रामलीला में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, महंत प्रशांत शास्त्री, महंत प्रभु दास उर्फ मामा दास ने अपने आशीर्वचन प्रदान किए अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ उपाध्यक्ष बधाई भवन के महंत राजीव लोचन शरण और समिति के कोषाध्यक्ष डॉ प्रभाकर ने किया।

# विसर्जन व जुलूस को लेकर पांच जोन में बांटा गया शहर

**संवाददाता–बहराइच।** श्री मां दुर्गा पूजा (नवरात्रि) में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन संग विजयदशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इनकी देखरेख में जुलूस निकाले जाएंगे। पल–पल की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी के लिए आपदा राहत केंद्र को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नंबर पर कॉल कर क्षेत्र में होने वाले घटना की सूचना दी जा सकेगी। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शहर को 05 जोन व 13 सेक्टर में विभाजित कर जोन व सेक्टरवार जिला स्तरीय अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। विसर्जन स्थलों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट को सम्पूर्ण नगर क्षेत्र का ओवर आल प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर को सह पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद स्तर आपदा कार्यालय में कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05252–230132 है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित श्री मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन को लेकर भी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को तहसील क्षेत्र का प्रभारी व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को सह पुलिस प्रभारी नामित किया गया है। तैनात किए गए सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# बुखार व संक्रामक मरीजों से भर गये सरकारी अस्पताल

**संवाददाता–बलरामपुर।** जिले में वायरल फीवर और संक्रामक रोगों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं विपरीत साबित हो रही हैं। मरीज परेशान हो रहे हैं, उन्हें इधर उधर भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सीय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी 300 से 350 के पार देखने को मिली है। अस्पतालों के इमरजेंसी बेड फुल मिले। जांच के लिए मरीज को लम्बा इंतजार करते दिखे। बदलते मौसम में वायरल फीवर से हर घर का व्यक्ति पीड़ित है। छोटे–छोटे बच्चे भी बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। यही कारण है कि अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि मरीजों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। सुबह दस बजे के करीब जिला मेमोरियल अस्पताल में ओपीडी के सामने मरीजों की लम्बी कतार देखने को मिली। वहीं कई चिकित्सकों के समय से ड्यूटी पर न आने की भी बात सामने आई। सुबह साढ़े नौ बजे के करीब अस्पताल की साफ–सफाई हो रही थी। जबकि अस्पताल खुलने का समय सुबह आठ बजे का है। दस बजे तक अस्पताल परिसर में कुछ चिकित्सकों को छोड़कर बाकी सब गायब थे। संक्रमित कचरे इधर उधर पड़े हुए थे। अस्पताल में मरीजों की स्थिति यह थी कि वहां पैर रखने की जगह तक नहीं थी। पर्चा काउंटर पर मरीज व तीमारदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह साढ़े नौ बजे बाल रोग विशेषज्ञ से लेकर फिजीशियन और अन्य चिकित्सकों का इंतजार मरीज करते दिखे। चिकित्सकों के इंतजार में मरीज परेशान थे, वे इधर उधर भटक रहे थे। अस्पताल आए मरीज शारदा देवी, मोहन प्रसाद, निबरे, शबनम, आरिफ आदि ने बताया कि अस्पताल में लगभग हर दिन यही हाल रहता है। उन्हें समय से चिकित्सक नहीं मिलते। जिससे उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, सीएमओ ने कहा कि वायरल बुखार और अन्य संक्रामक रोगों को लेकर सभी जिला अस्पतालों सहित सीएचसी व पीएमचसी के कर्मियों को निर्देश जारी किया गया है। बावजूद इसके अगर सुधार नहीं है तो इसकी जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हुआ रामकथा पार्क

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। श्रीधाम अयोध्या के सरयू तट पर विराजमान राम कथा पार्क शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस पर नंदगांव बरसाना हो गया जब व्यास पीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म के अद्भुत प्रसंग की व्याख्या की और कहां कि इस पावन धराधाम पर भगवान कृष्ण का अवतरण हुआ पूरा परिसर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हो उठा और भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे मौका था श्रीमती बिंदु त्रिपाठी के प्रथम पुण्यतिथि उनके पुण्य स्मृति में मूर्धन्य पंडित उमापति त्रिपाठी महाराज के आशीर्वाद से तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के सौजन्य से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा पंचम दिवस की कथा में।





जगद्गुरु महाराज ने भगवान योग योगेश्वर श्री कृष्णा के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जो प्राणी अपने आराधना के श्रद्धा पुष्प भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित करता है,अर्थात् जो श्रीकृष्ण की शरणागति प्राप्त करता है,वह सदा अभ्युदय पूर्ण जीवन जीकर मुक्ति का अधिकारी बनता है तथा उसके रोग, शोक, दुःख, द्ररिदता एवं विपदाओं का हरण हो जाता है।श्री महाराज जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत मे भगवान ने कहा कि जब मनुष्य में अहम आ जाएं उसको मेरा दर्शन नहीं हो सकता, जिसका मन निश्चल होता है निष्पाप होता है सरल होता है और भाव से सब कुछ समर्पित कर देता है उसके लिए मेरी प्रति कठिन नहीं है। श्री महाराज जी ने बताया कि ईश्वरीय प्रेम के बिना मानवीय जीवन का कल्याण नहीं हो सकता और व्यासपीठ से महाराज जी जैसे ही भगवान पारब्रह्म परमेश्वर श्री कृष्ण भगवान के जन्म की कथा कहने लगे और कहा कि प्रभु कारागार में अवतार ले लिए पूरा राम कथा पार्क भगवान कृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा और चारों ओर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे से गुंजायमान होने लगा उपस्थित सभी लोग भाव विभोर होकर के नाचने लगे ऐसा विहंगम दृश्य देखकर सभी लोग भाव विभोर हो गए और भगवान कृष्ण की आरती गाने लगे।कथा शुभारंभ के पहले पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी, पंडित श्रीशपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और व्यास पीठ पर विराजमान जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम मेला पुनः आरती उतारी के और प्रसाद वितरण किया गया। श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज , नागा राम लखन दास जिलाधिकारी विजय चंद्र, एसपी सिटी मधुबन सिंह अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा, पंकज मिश्रा पुजारी जानकी महल सहित सैकड़ो में भागवत प्रेमी भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में सम्मिलित हुए। अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।

# कमरे में घुसी रोगियों की भीड़, चेंबर छोड़ भागे चिकित्सक

**संवाददाता–देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी में सोमवार को रोगियों की भारी भीड़ रही। हालात यह रहे कि कक्ष में अधिक लोगों के घुस जाने से एक डॉक्टर अपना चैंबर छोड़कर भाग खड़े हुए। बाद में भीड़ के बाहर निकलने पर वह पुनः रोगियों का इलाज करना शुरू किए। मेडिकल कालेज में सुबह से रोगियों का आना जारी रहा। आठ बजे पंजीकरण काउंटर खुलने तक पंजीकरण हाल में भीड़ खचाखच भर गया। पर्ची कटते ही रोगी पहले दिखाने के फेर में ओपीडी की तरफ भागते नजर आए। मेडिसीन, सर्जरी, आर्थो, चर्मरोग, ईएनटी, नेत्र रोग विभाग की ओपीडी के सामने बड़ी संख्या में रोगियों की कतार लग गई। आर्थो की ओपीडी दो कक्षों 19 व 21 में संचालित हो रही थी। यहां कई रोगी बिना कतार के ही डॉक्टर को दिखाने में सफल रहे। इसके चलते अन्य लोग भी कतार के अलावा डॉक्टर कक्ष के सामने खड़े हो गए। यहां हाल से निकलकर बाहर शौचालय के साामने तक लोग खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। मूल कतार के बगल में झुंड में लोग खड़े होते रहे। जैसे ही ओपीडी का दरवाजा खुलता धक्का देकर लोग अंदर घुस जाते। कतार में खड़े लोग विवश होकर इसे देखते रहे। मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मी विवश दिखाई दिया। ओपीडी में अचानक घुसती भीड़ से तंग आकर एक बार कक्ष संख्या 19 में बैठे चिकित्सक बाहर निकल गए।

कुछ देर बाद जब रोगी ओपीडी से बाहर आए तब जाकर चिकित्सक ने पुनरू रोगियों का परीक्षण शुरू किया। घुसवां रामपुर से आए कृष्णा (14) कबड्डी खेलते समय गिर गए थे। इनके पिता लेकर डॉक्टर को दिखाने आए थे। इन्होंने बाहर से पहले ही एक्सरे करा लिया था। बोले कोहनी में दर्द है। डॉक्टर को दिखाना है। पर एक घंटे से कतार में खड़े हैं। बगल से लोग घुस जा रहे हैं। हमारी लाइन खिसक नहीं रही है। वहीं सोना जायसवाल (48) को कूल्हे में दर्द के चलते परिजन दिखाने लाए थे। वह दो घंटे से अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रही थीं। मिश्रौलिया के नित्यानंद (20) को सीने की हड्डी व कंधे में दर्द था। वह काफी देर से खड़े थे। इनके साथ आए नीतेश प्रजापति (14) को बांह में गांठ का इलाज कराना था। दोनो लोग आगे पीछे कतार में खड़े थे। इनका कहना था कि वह देखिए बगल वाले जबरन धक्का देकर अंदर चले जा रहे हैं। कोई सुन नहीं रहा है। वहीं छोटी बच्ची सुरभि की बांह में फ्रैक्चर था। उसे लेकर परिजन दो घंटे से डॉक्टर को दिखाने के लिए जूझ रहे थे।

सहजौर लार से आए नंद कुमार (62) को कंधे में दर्द का इलाज कराना था। वह देर से खड़े खड़े परेशान थे। उनका कहना था कि बगल से घुसने वाले बंद हो जाएं तो जल्दी नंबर आ जाता। वहीं सदर ब्लॉक के धमऊर परशुराम से फेंकू (80) पैर में दर्द का इलाज कराने आए थे। वह कतार में खड़े होने से थक गए थे। उनका कहना था कि तीस साल पहले पैर में फ्रैक्चर का इलाज कराया था, अब दर्द कर रहा है। पर यहां तो बगली मारने वालों के चलते नंबर ही नहीं आ रहा है। मेडिकल कालेज में सोमवार को तीन हजार से अधिक रोगी ओपीडी में पहुंचे। तीन हजार नए रोगियों के अलावा लगभग पांच सौ पुराने रोगी भी मेडिकल कालेज इलाज कराने पहुंचे। इसके चलते ओपीडी खचाखच भरी रही। वहीं पैथालॉजी व एक्सरे में भी बड़ी संख्या में रोगी कतार में खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे।

डेंगू के रोगियों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। अब तक कुल 78 एलाइजा पॉजीटिव रोगी मिल चुके हैं। वर्तमान में छरू रोगी वार्ड में भर्ती हैं। 11 रोगियों को स्वस्थ होने पर घर भेज दिया गया। वहीं दो नए सोमवार को रोगी वार्ड में भर्ती हुए। एक रोगी भटनी की मीरा व दूसरे खोराराम के अजय को मेडिसीन वार्ड में डेंगू की पुष्टि होने पर डेंगू वार्ड में शिफ्ट किया गया।

# छात्राओं से छेड़खानी का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार, चौथे की तलाश

**संवाददाता–देवरिया।** महर्षि छात्राओं से छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को पुलिस ने तरकुलवा थाना क्षेत्र के कंचनपुर चौराहे से सोमवार की सुबह दबोच लिया। उसको न्यायालय में पेश किया गया, जहां से नाबालिग होने के चलते कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। रविवार की रात दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। इस दौरान फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस टीमें छेड़खानी के चौथे आरोपी की तलाश में जुटी हैं। रविवार की रात तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरसिया गोठा गांव के समीप पुलिस की छेड़खानी में शामिल धीरज पटेल (25) राधाकिशुन निवासी बंजरिया टोला बैकुंठपुर थाना तरकुलवा और इसी गांव के रहने वाले रितिक यादव(22) पुत्र दीनानाथ के साथ मुठभेड़ हो गई। इस घटना में धीरज पटेल के बाएं पैर में और रितिक यादव के दाहिने पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों का महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज चल रहा है उनके पास से तमंचा भी बरामद हुआ। छेड़खानी में शामिल तीसरे अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। वह कक्षा 11 का छात्र और नाबालिग है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से नाबालिग के चलते कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ने वाली दो छात्राएं 4 अक्टूबर को परीक्षा देकर करीब 10 बजे साइकिल से घर जा रही थी। उसी दौरान सुनसान जगह पर बाइक सवार चार मनबढ़ युवकों ने उनको दबोच लिया। इस दौरान दोनों छात्रायें चीखने लगी है तथा एक छात्रा सड़क किनारे गिर गयी। युवकों की पकड़ ढीला पड़ने पर दूसरी छात्रा साइकिल फेंक कर चिल्लाते हुए भागने लगी। मनबढ़ युवकों ने बाइक रोक कर उन्हे दौड़ा लिया। सड़क किनारे गिरी दूसरी छात्रा भी किसी तरह जान बचा कर भागी। छात्राओं की चीख सुन कर कुछ ग्रामीण दौड़े तो चारो युवक बाइक से फरार हो गये। यह सारी घटना एक मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। किसी ने इसका फुटेज निकाल कर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद मामले में पुलिस आनन–फानन में स्कूल के प्रबंधक की तहरीर पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गयी। छात्राओं से छेड़खानी के तीसरे आरोपी को भी पकड़ लिया गया है। रविवार की रात मुठभेड़ में दो बदमाश दबोचे गये थे। इसमें शामिल चौथे आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की टीम लगी है, शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस मामले में अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त करने के लिए पुलिस को एड़ी–चोटी का जोर लगाना पड़ा।

## नवागंतुक एसएचओ से संभाली कमान, की बैठक

**संवाददाता–श्रावस्ती।** इकौना थाने के प्रभारी के रूप में राजकुमार सरोज की तैनाती की गई है। जिन्होंने थाने का कार्यभार सम्हाल लिया। नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने सोमवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक की। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसका समाधान करने का आश्वासन दिया। दुर्गा पूजा कमेटी व रामलीला आयोजकों से रास्ते या अन्य किसी अन्य प्रकार की समस्या, विसर्जन स्थल से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से कानून के दायरे में रहकर मनाएं। शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालेंगे। जुलूस को लेकर कोई समस्या होती है तो उन्हें फोन पर सूचित कर सकते हैं। कोई नई परम्परा न डालें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरों को समस्या हो या उससे माहौल खराब होने की संभावना हो। पुलिस लोगों की सुरक्षा में तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने व अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग अफवाहों पर बिलकुल ध्यान न दें और न खुद अफवाह फैलाएंगे। इस मौके पर क्राइम प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार दूबे, उप निरीक्षक दीपक सिंह, एसआई प्रेमानंद, एसआई विशाल शुक्ला, विहिप से केडी सिंह, संजय कुमार गुप्ता, जितेंद्र कंठरा, संजय सोनी, राधेश्याम कसौंधन आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**संवाददाता–देवरिया।** सोमवार की सुबह घर में पोछा लगा रही एक 35 वर्षीय महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कोंहवलिया भरत राय गांव निवासी सरस्वती देवी (35) पत्नी टुनटुन शर्मा सोमवार की सुबह उठकर अपने घर में साफ सफाई करने के बाद पोछा लगा रही थी, इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। महिला का मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका का एक बेटा वह दो बेटी है। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अंतर्राज्यीय गिरोह का शातिर ठग दबोचा गया

**संवाददाता–श्रावस्ती,।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली। संयुक्त टीम ने नकली सोने को असली बताकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से करीब 600 ग्राम नकली सोना बरामद किया गया। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के भेसरी निवासी श्याम लाल यादव पुत्र रामबरन ने गिरंट थाने में तहरीर देकर ठगी का मामला दर्ज कराया था। श्याम लाल ने पुलिस को बताया था कि एक आरोपी ने 6.50 लाख रुपये नकद की ठगी की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के साथ सर्विलांस टीम को लगाया गया। सोमवार को थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय पुलिस व सर्विलांस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान टीम ने मुखबिर की सूचना पर नामजद आरोपी कमलेश प्रजापति जिसका असली नाम पवन राय पुत्र मोहन निवासी ग्राम मऊ थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ है को देवरा नहर पुल से गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से दो कंगन पीली धातु, एक चेन पीली धातु, 605.16 ग्राम नकली सोना, एक एटीएम कार्ड व चार हजार 800 रुपये नकद बरामद किया गया है।

# बेरोजगारी खत्म करना हमारा उद्देश्य रमोना नारंग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी अनुषंगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के नेतृत्व में उद्योगपतियों के द्वारा रामनगरी अयोध्या में उद्यमी लोग उद्योग लगाकर युवाओं को रोजगार देने का कार्य करेंगे इसी क्रम में सिंगापुर उद्यमी श्री रमोना नारंग जी नारंग के अध्यक्ष अपने पति श्री भगवान मथानी के साथ अयोध्या धाम पहुंचकर हमारे संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि हमारे द्वारा सर्वेश पाठक के नेतृत्व में भारत के प्रमुख उद्योगपतियों मैं संपर्क का स्थापित करके तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में आने को उद्योग लाने का प्रयत्न करूंगी जिससे युवाओं में बेरोजगारी कम होगी और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा श्रीमती नारंग ने बताया कि जिस प्रकार हमारे छोटे भाई सर्वेश पाठक दिन रात एक करके उद्योग को बढ़ावा देने के लिए और रोजगार को लाने का प्रयत्न कर रहे हैं वास्तव में यह बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं इसी कड़ी में मैं पूरा प्रार्थना करूंगी कि भारत के प्रमुख उद्योगपति जो हमारे संपर्क में है उनका उद्योग अयोध्या धाम में लगे हमारी आस्था को सच्ची सुहानभूति मिलेगी मैं अभी कम समय के लिए अयोध्या आई हूं लेकिन यहां से जाकर जब वापस आऊंगी तो एक नया आयाम लेकर आऊंगी मैं आप सभी को विश्वास दिलाना चाहती हूं कि अगले बार जब मैं आऊंगी तो देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ मैं आपके समक्ष उपस्थित होकर नए कार्यक्रम के बारे में आप सभी को अवगत कराएंगे मैं धन्यवाद देना चाहूंगी हमारे छोटे भाई सर्वेश पाठक जी को और मनोज पाठक जी को जिनके इस नेतृत्व में इस कार्य को सफल बनाने के लिए मैं पूरा तैयारी कर रही हूं साथी सर्वेश पाठक जी के संपूर्ण सदस्यों को मैं हृदय से प्रणाम करती हूं जिन्होंने मुझे रामनगरी पहुंचने पर भव्य स्वागत करके मुझे कर्ज बना दिया है पैसा लगता है कि मैं अपने वास्तव में भाई के घर आई हूं ऐसा मेरे भाई के नेतृत्व में मेरा स्वागत हुआ है।

